**झारखण्ड लोक सेवा आयोग,**
**सर्कुलर रोड, रांची–834001**
**शुद्धि पत्र**
**विज्ञापन संख्या–01/2015**

**षष्ठम संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में सूचना**

झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा षष्ठम संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या **01/2015** में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत संकल्प संख्या–8315 दिनांक–16.09.2015 एवं पत्रांक–8536 दिनांक–23.09.2015 द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में निम्नवत् संशोधन किया जाता है :–

1. विज्ञापन संख्या–01/2015 की कंडिका–10(A)(i)(ii) एवं कंडिका–11(C) में से C- SAT के द्वितीय पत्र को आहरित (Withdraw) करते हुए परीक्षा पाठ्यक्रम से C-SAT का नाम विलोपित किया जाता है एवं प्रारंभिक परीक्षा के विषय का नाम सामान्य अध्ययन रखा जाता है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए सामान्य अध्ययन का एक पत्र मात्र 200 अकों का होगा।
2. विज्ञापन की कंडिका–4 में उल्लिखित संदर्भ तिथि को विलोपित करते हुए निम्न रूप से प्रतिस्थापित किया जाता है :–
" छठी सिविल सेवा प्रतियोगिता के **Upper Age Limit** की गणना हेतु **01.08.2010** एवं **Lower Age Limit** की गणना हेतु **01.08.2015** को कट–ऑफ तिथि निर्धारित की जाती है।" **Uper Age Limit एवं Lower Age Limit की गणना हेतु निर्धारित कट ऑफ तिथि केवल छठी संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अनुमान्य होगी।**
3. विज्ञापन की कंडिका–6 में निर्धारित अवसरों की कोटिवार संख्या को विलोपित करते हुए निम्न रूप से प्रतिस्थापित किया जाता है :–
संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमान्य अवसर की सीमा को समाप्त किया जाता है।
4. विज्ञापन की कंडिका–12 में निर्धारित प्रारंभिक, मुख्य एवं मौखिक परीक्षा का कोटिवार निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए मौखिक (साक्षात्कार) परीक्षा हेतु न्यूनतम अर्हतांक की अनिवार्यता को समाप्त किया जाता है। प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के लिए कोटिवार न्यूनतम अर्हतांक यथावत् रहेंगे।
5. **मुख्य परीक्षा के स्वरूप एवं पाठ्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।**
6. 30 अक्टूबर 2015 तक विभिन्न विभागों से प्राप्त अधियाचना/पूरक अधियाचना के आधार पर पूर्व प्रकाशित रिक्तियां निम्नलिखित रूप में संशोधित की जाती हैं :–

| SL. No. | Services | Total vacancies | UNR | ST | SC | BC-I | BC-II | Women reserved seat | Other: Sports/ Ex-Serviceman | Handicapped reservation | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | Blind | Dumb/Deaf | Locomotive |
| | | | | | | | | 05% | 02% | 01% | 01% | 01% |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | झारखण्ड प्रशासनिक सेवा | 142 | 86 | 34 | 14 | 08 | 00 | 07 | 03 | 02 | 01 | 01 |
| 2 | झारखण्ड वित्त सेवा | 69 | 32 | 27 | 05 | 05 | 00 | - | - | - | - | - |
| 3 | झारखण्ड शिक्षा सेवा | 29 | 16 | 06 | 04 | 03 | 00 | - | - | - | - | - |
| 4 | झारखण्ड सामाजिक सुरक्षा सेवा | 03 | 02 | 01 | 00 | 00 | 00 | - | - | - | - | - |
| 5 | झारखण्ड सूचना सेवा | 07 | 06 | 00 | 01 | 00 | 00 | - | - | - | - | - |
| 6 | झारखण्ड पुलिस सेवा | 06 | 03 | 00 | 02 | 00 | 01 | - | - | - | - | - |
| 7 | झारखण्ड सहकारिता सेवा | 09 | 03 | 03 | 02 | 01 | 00 | - | - | - | - | - |

❖ **सेवाओं एवं रिक्तियों की संख्या घट बढ़ सकती है।**

7. **वेतनमानः–**

| | |
|---|---|
| झारखण्ड प्रशासनिक सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 5400 |
| झारखण्ड वित्त सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 5400 |
| झारखण्ड सामाजिक सुरक्षा सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 4800 |
| झारखण्ड सूचना सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 4800 |
| झारखण्ड शिक्षा सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 5400 |
| झारखण्ड पुलिस सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 5400 |
| झारखण्ड सहकारिता सेवा | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 5400 |

8. विज्ञापन संख्या–**01/2015** के कंडिका–5 (नोट) (i) एवं (ii) को निम्नलिखित सीमा तक संशोधित किया जाता है :–

**नोटः–** झारखण्ड प्रशासनिक सेवा, झारखण्ड सहकारिता सेवा एवं झारखण्ड शिक्षा सेवा हेतु न्यूनतम उम्र सीमा 21 वर्ष एवं झारखण्ड पुलिस सेवा हेतु न्यूनतम उम्र सीमा 20 वर्ष निर्धारित है।

9. **परीक्षा शुल्क :–**

विज्ञापन संख्या–**01/2015** की कंडिका–15 को निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

(i) परीक्षा शुल्क क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/चालान के माध्यम से SBI Collect पर स्वीकार किये जायेंगे जिससे संबंधित सूचना आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

(ii) सामान्य, पिछड़ा वर्ग–I एवं पिछड़ा वर्ग–II श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा शुल्क रू0–**400 (चार सौ) + बैंक चार्ज** मात्र है।

(iii) **परीक्षा शुल्क में छूट–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0–**100/– (एक सौ) + बैंक चार्ज** मात्र है। झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकते है। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

(iv) विकलांग अभ्यर्थियों (कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता) को परीक्षा शुल्क में छूट है।

(v) परीक्षा शुल्क के अलावा अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में अतिरिक्त राशि का भी भुगतान करना होगा जिसकी विस्तृत सूचना आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है। जिसे आवेदन जमा करने के पूर्व अवश्य देख कर ही आवेदन करें।

10. जो अभ्यर्थी पूर्व में ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन समर्पित करने की आवश्यकता नहीं है।

11. विज्ञापन संख्या–**01/2015** में उपर्युक्त संशोधन के आलोक में इच्छुक एवं विहित अर्हत्ताधारी उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की तिथि दिनांक–**08.11.2015** सुबह **10:00** बजे से दिनांक–**30.11.2015** रात्रि **12:00** बजे तक विस्तारित की जाती है। Online Application, विस्तृत सूचना एवं संम्पूर्ण विज्ञापन आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।

12. विज्ञापन संख्या–**01/2015** में अन्य सभी प्रावधान एवं शर्ते यथावत् लागू रहेंगी।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची